

## एक नजर में

### द गार्जियन स्कूल में कक्षा दसवीं का फेयरवेल संपन्न



**देवास।** द गार्जियन स्कूल में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित फेयरवेल समारोह अत्यंत भव्य, अनुशासित एवं भावनात्मक वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार द्वारा मेधावी, अनुशासित एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने विद्यालय में बिताए अपने यादगार क्षणों को साझा किया, जिससे पूरा वातावरण भावुक हो उठा। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय, शिक्षकों एवं प्रबंधन के प्रति आभार प्रकट करते हुए विद्यालय को उपहार भेंट कर अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन, परिश्रम एवं संस्कारों के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

### किसी भी प्रसंग को सुंदर बनाना हमारे हाथ में ही है : शास्त्री



**बागली।** वाल्मिक आश्रम सीता माता मंदिर मेला प्रांगण में चल रही राम कथा में पंडित नारायण प्रसाद शास्त्री ने व्यास पीठ से कहा कि बुजुर्गों का अनुभव मिले, नौजवान की शक्ति मिले इसी का नाम सुंदरकांड है। अगर कोई बात बुजुर्ग बोले नौजवान को और वो वह कार्य कर दे तो, वह कार्य सुंदर हो जाता है। सीता मंदिर परिसर में चल रही कथा स्थल पर व्यास पीठ का पूजन बद्रीप्रसाद शर्मा, त्रिवेणी देवी शर्मा द्वारा किया गया। कथा में संतोष महाजन, पवन नागर, संतोष गुप्ता, निरंजन जायसवाल सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं क्षेत्र के श्रद्धालु उपस्थित रहे। क्षेत्र से जुड़े से 10 ग्रामों के श्रद्धालु भक्तों की उपस्थिति ने स्थल को धार्मिक बना दिया। कथा का समापन आज होगा जिसमें ब्रह्म यज्ञ पूर्णाहुति के साथ समापन होने के साथ-साथ भंडारे का भी आयोजन संपन्न होगा।

### भौरासा विद्युत मंडल ने चलाया वसूली अभियान

**भौरासा।** नगर में आज भौरासा विद्युत मंडल के अधिकारी मंसूर अली के द्वारा विद्युत बकायदारों के विरुद्ध वसूली अभियान चलाया गया जिस मे अधिकारी मंसूर अली द्वारा बताया गया कि उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत बिल की बकाया राशि जमा नहीं करने पर एसे उपभोक्ता जिन पर 10000 रुपये से अधिक की बकाया राशि हे उन लोगों के कनेक्शन काटने की प्रभावी करवाई की गई है जिसमें 18 नंबर उपभोक्ताओं पर 2 लाख 35 हजार की बकाया राशि होने पर कनेक्शन काट दिए गए हैं जिसके बाद उपभोक्ताओ के द्वारा ऑफिस में आकर हंगामा भी किया गया लेकिन अधिकारी मंसूरी द्वारा कहा गया कि जब तक बकाया बिल की राशि जमा नहीं की जाती है कनेक्शन जोडा नहीं जाएगा।

### आईडीबीआई बैंक ने चार कंप्यूटर की सौगात दी



**देवास।** अपने सामाजिक सरोकार के तहत आईडीबीआई बैंक ने सीएसआर फंड से आज क्षेत्र के दो सरकारी स्कूलों के बच्चों को चार कंप्यूटर की सौगात दी। सामाजिक संस्था एक्ट ईव फाउंडेशन के समन्वय से आयोजित दोनों स्कूलों के बच्चों को कम्प्यूटर पाकर उनके चेहरों की खुशी देखते ही बनती थी। आईडीबीआय बैंक के शाखा प्रबंधक रोहित भदौरिया तथा एक्ट ईव फाउंडेशन अध्यक्ष मोहन वर्मा ने बताया कि स्कूलों की मांग पर दो कम्प्यूटर जवाहर नगर माध्यमिक शाला तथा दो कम्प्यूटर हवनखेड़ी के मीडिल स्कूल को भेंट किए गए। जवाहर नगर कार्यक्रम में अतिथि रूप में बैंक मैनेजर श्याम व्यास, वार्ड पार्षद रूपेश वर्मा, सीए एस एम जैन, शिक्षाविद विजय श्रीवास्तव, अशोक शर्मा, अमल बेरा सहित आशा दुबे, दीपाली फूलवानी, दीपा खोलगडे, रागीनी कानूनगो, रेखा अंबोदिया, रजनी ठाकुर थी। वहीं हवनखेड़ी में जनशिक्षक अरुण मिश्र, सरपंच प्रतिनिधि यूसुफ पटेल, शाला प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष हकीम पटेल, समाजसेवी रशीद पटेल, अंजली साहू, अक्षिला शर्मा,मनीष प्रजापति, शहजाद बानो कुरैशी, प्रीति सिरोंजिया उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों ने सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए और उन्हें तकनीकि रूप से सक्षम बनाने के लिए दी जाने वाली इस भेंट के लिए बैंक और एक्ट ईव फाउंडेशन की सराहना की। जवाहर नगर में शाला प्रभारी प्राचार्य आशा दुबे ने तथा हवनखेड़ी में प्राचार्य यशवंत दयाल ने अतिथियों का स्वागत किया तथा बैंक और एक्ट ईव फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### शिक्षक दुबे को मिला सहभागिता सम्मान



**सतवास।** आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में, एन. सी. ई. आर. टी. शिक्षा मंत्रालय के मनोदर्पण प्रकोष्ठ एवं क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल ( आर. आर. ई.) के संयुक्त तत्वाधान में, पं सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान भोपाल में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय विमर्श कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ विषय पर परामर्श सेवाओं को लेकर महत्वपूर्ण विमर्श किया गया। इस परामर्श बैठक में मध्यप्रदेश के समस्त जिलों से आए लगभग 200 से अधिक प्रतिभागियों ने स्कूली विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ, से जुड़े व्यावहारिक मुद्दों एवं चुनौतीयों पर विशेषज्ञ के साथ विमर्श किया एवं नई बातो को सीखा। इस विमर्श कार्यक्रम में सांदीपनि शा. उ. मा. वि. सतवास के शिक्षक मनोज दुबे ने सहभागिता की और अपने विचार, स्कूली विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ विषय पर रखे, और मनोदर्पण के सांस्कृतिक मंच से अपनी कविता मेरी बेटी स्कूल जा रही हे का पाठ किया और स्कूल जाती हुई बेटी के दृश्य का भावुक चित्रण करते हुए, बेटी, परिवार और प्रकृति तीनो का वर्णन किया, मनोज दुबे को प्रशस्ति पत्र देकर सहभागिता सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अतिथि सचिव स्कुल शिक्षा विभाग आई. ए. एस. डॉ संजय गोयल, संयुक्त निदेशक पी. एस. एस. सी. आई. वी. ई.भोपाल प्रो. दीपक पालीवाल, प्राचार्य क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल प्रो. शिव कुमार गुप्ता, मनोदर्पण प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. विनोद सांगवाल, विस्तार शिक्षा विभाग अध्यक्ष प्रो. रत्नमाला आर्य, प्रो. सौरभ मिश्रा, सहित, विभिन्न राष्ट्रीय संस्थानों के विशेषज्ञ एवं सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## एडीजे से विवाद का मामला : भाजपा नेता सहित तीन पर केस दर्ज





**अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई**

**देवास।** देवास में जिला न्यायालय के एडीजे (अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश) से विवाद का मामला सामने आया है। न्यायाधीश द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि धनलक्ष्मी मैरिज गार्डन के पास सार्वजनिक मार्ग पर वाहन खड़ा कर रास्ता रोका गया, गाली-गलौज की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। नाहर दरवाजा थाना पुलिस ने इस मामले में भाजपा नेता पंकज धारू सहित तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी की है। वहीं, पंकज धारू ने आरोपों को निराधार बताते हुए दावा किया है कि एक दिन पूर्व एडीजे की गाड़ी से एक बच्चे को टक्कर लगी थी, जिससे वह घायल हो गया। उनका कहना है कि बच्चे के उपचार को लेकर चर्चा करने पर उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बाद में समझौते के लिए फोन आया, लेकिन इसके बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया।

इधर बुधवार को प्रशासन और नगर निगम की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। अधिकारियों के अनुसार सड़क किनारे बनाए गए टीन शेड और अन्य अवैध निर्माणों को लेकर पूर्व में नोटिस जारी किए गए थे।

नोटिस अवधि पूर्ण होने के बाद कार्रवाई की गई, जिसमें पंकज धारू से संबंधित निर्माण भी हटाया गया। जब न्यायधीश ने कार्रवाई के उद्देश्य से मोबाइल से रास्ते में रखे वाहन का फोटो लेने का प्रयास किया तो उन्हें ऐसा करने से रोका गया और मौके पर उग्र व्यवहार किया गया। जब वह अपनी कार से जाने लगे तो आरोपियों ने उनकी गाड़ी का गेट नहीं खोलने दिया और उन्हें रोककर धमकी दी।

### कार से न्यायालय जा रहे थे न्यायाधीश

दरअसल न्यायाधीश देवास ग्रीन्स कॉलोनी में रहते हैं। वह अपनी कार से न्यायालय की ओर जा रहे थे, तभी जय श्री नगर में रहने वाले पंकज घारू और उनके दो अन्य साथियों ने स्कॉर्पियो वाहन सड़क के बीच खड़ा कर रास्ता अवरूद्ध कर दिया। वाहन निकल नहीं पाया। न्यायाधीश ड्यूटी पर जाने की बात कहने और वाहन हटाने का आग्रह करने पर आरोपियों ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया।

## शासकीय हाई स्कूल लसुड़िया सोड़ा में विदाई समारोह और पुरस्कार वितरण संपन्न



**देवास।** शासकीय हाईस्कूल लसुड़िया सोड़ा देवास में सोडा देवास में कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्राचार्य विनोद सिंह नामदेव द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन से की गई। वर्ष भर हुई साहित्यिक सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को किया गया जिन्होंने प्रतियोगिता में भाग लिया। विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रमाण पत्र गिफ्ट दिए गए। ज्ञात हो कि विद्यालय में सभी छात्र-छात्राओं को चार हाउस में बांटा गया है जिससे पूरे वर्ष होने वाली प्रतियोगिताओं और प्रतिदिन होने वाली प्रार्थना को हाउस वाइज कराया जाता है, इसी के आधार पर प्रतियोगिताओं पुरस्कार वितरण हुआ। कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं को फोटो फ्रेम स्मृति चिन्ह के रूप में दी गई और पुरस्कार भी प्रदान कर विदाई दी गई।

कार्यक्रम के अंत में स्नेह भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य विनोद सिंह नामदेव सहित विद्यालय के स्टाफ के रूप में मुरलीधर सेम, प्रमिला बामनिया, महेश चंद्र शर्मा, रागनी दुबे, ईश्वर सिंह तंवर, भूपेंद्र सिंह सोलंकी, नयनेश बेलापुरकर, दिया पटले, पूजा पंवार एवं सुनीता सोलंकी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मुरलीधर सेम ने किया और आभार ईश्वर सिंह तंवर ने माना।

## स्व. राजेश पायलट की जन्म जयंती मनाई



**टोंक खुर्द।** पूर्व केंद्रीय मंत्री गुर्जर समाज का राष्ट्रीय नेता स्वर्गीय राजेश पायलट की जन्म जयंती बड़े उत्साह पूर्वक टोंक खुर्द तहसील परिसर मैं मनाई गई। सर्वप्रथम स्वर्गीय पायलट की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया एवं उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। टोंक खुर्द वरिष्ठ एडवोकेट सुमेर सिंह यादव ने उनके जीवन के बारे में बताया कि स्वर्गीय राजेश पायलट एक देश का महान नेता थे गांव से लेकर शहरो तक एवं लोगों को लेकर साथ चलते थे। पत्रकार निर्भय सिंह कराड़ा ने कहा कि स्वर्गीय पायलट ने केंद्र सरकार में गृह मंत्री रहते हुए कई महत्वपूर्ण योजनाएं को मूर्त रूप दिया उन्हीं की बदौलत है कि आज राष्ट्र मे गुर्जर समाज की बड़ी पहचान है। इस अवसर पर सरपंच भगवान सिंह चांदना समस खेड़ी,उप सरपंच कुलदीप सिंह गुर्जर देवगुराडिया, गोविंद सिंह गुर्जर,मोहन सिंह गुर्जर,फूल सिंह गुर्जर, भेरू सिंह गुर्जर आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## स्थाई फरार वारंटी एवं चेक बाउंस के बाद में भी वर्मा की गिरफ्तारी नहीं



**टोंक खुर्द।** टोंक खुर्द जनपद पंचायत के पूर्व जनपद सदस्य अवधेश प्रताप सिंह पवार( बंटू भैया) पिता दौलत सिंह राजपूत निवासी ग्राम टोंक कला ने शासन की जनसुनवाई जनपद सभा कक्ष मे हाजिर होकर लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया। टोंक खुर्द एसडीएम संजीव सक्सेना के समक्ष वर्ष 2022 से संजय वर्मा पिता माखनलाल वर्मा नावदा तहसील टोंक खुर्द जिला देवास हाल मुकाम बजरंग नगर देवास की टोंक खुर्द न्यायालय मे कई प्रकार की स्थाई वारंट एवं बैंक चेक बाउंस मे पुलिस द्वारा गिरफ्तारी नहीं की जा रही है पुलिस चौकी टोंक कला एवं पुलिस थाना टोक खुर्द के पुलिस द्वारा आरोपी संजय वर्मा के खिलाफ टोंक खुर्द न्यायालय द्वारा कई बार वारंट भी जारी किया गया एवं पुलिस की मिली भगत होने के कारण आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है लेनदेन को लेकर संजय शर्मा परिवाद क्रमांक एससीएनआईए 4/2018 स्थाई फरार वारंटी के खिलाफ तामिली नहीं होना बताया जा रहा है न्यायालय में पुलिस द्वारा जिसकी शिकायत मेरे द्वारा सीएम हेल्पलाइन 181 पर की गई जिसकी शिकायत क्रमांक 365 42 178 है हेल्पलाइन द्वारा मुझे बताया जा रहा है कि कार्रवाई की जा रही है लेकिन आज तक भी कोई किसी प्रकार से निराकरण कार्रवाई नहीं हो पा रही है पुलिस मुझे कहती हैं कि शिकायत वापस ले लो संजय वर्मा ग्राम नावदा में ही निवासरत हैं। लेकिन पुलिस प्रशासन उन्हें न्यायालय के वारंट के बाद भी गिरफ्तार नहीं नहीं कर पा रही है। उक्त आरोपी के विरुद्ध बैंक चेक बाउंस एवं अन्य प्रकार के प्रकरण न्यायालय में पंजीबद है। एसडीएम संजीव सक्सेना ने तत्काल ही टोंक खुर्द के नवागात थाना प्रभारी मनोज सिंह को तत्काल ही आरोपी संजय वर्मा को गिरफ्तार करने का निर्देश जारी किया गया है शीघ्र अति शीघ्र ही तत्काल ही वर्मा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाए।

## दो सूत्रीय मांगों को लेकर विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन का धरना संपन्न



**देवास।** विद्युत मंडल के पेंशनर्स द्वारा दो सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन मंडुक पुष्कर धरना स्थल पर किया गया। धरना प्रदर्शन में एसोसिएशन के अध्यक्ष हुकुमसिंह सायल ने बताया कि विद्युत मंडल पेंशनरों की दो सूत्रीय प्रमुख मांगे जिसमें म.प्र. शासन द्वारा पेंशन की गारंटी एवं केन्द्र सरकार द्वारा घोषित तिथि व दर से महंगाई राहत के भुगतान के लिए विद्युत मंडल के चार प्रमुख पेंशनर संगठनो द्वारा प्रदेश स्तर पर संयुक्त मोर्चा का गठन कर आव्हान किया गया। मोर्चा के आव्हान पर प्रदेश भर में क्रमबद्ध आंदोलन चलाए जा रहे है। इसमें प्रथम चरण में प्रदेशभर में 23 दिसम्बर 2025 को जिलाधीश के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किये गये एवं द्वितीय चरण में प्रदेशभर में जिला स्तर पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक किये गये। इसी कड़ी में देवास में भी एक दिवसीय धरने का आयोजन किया गया। धरना प्रदर्शन में संयोजक सी.के. दीक्षित, आर.एस.चौधरी, एन.के.शर्मा, एल.डी.गुप्ता, एस.एन.जोशी, बी.के.स्वामी, एस.के. हिंगे, मुकुट वर्मा, मोहन मोदी, संजय वैष्णव, सुबोध गंगराड़े, मनोहर फड़निस, कैलाश शर्मा, इंदरसिंह सिसोदिया बागली, कालूसिंह चौधरी, बी.एल.कुमावत, कमलकिशोर दतलेचा, प्रहलाद कारपेंटर, राजेन्द्रसिंह चौहान, श्रीधर बागलीकर, के.एल.उंडासे, के.एम.कुरेशी, एस.प्रिया स्वामी, वृंदावन, बालुप्रसाद टोंकखुर्द, रामप्रसाद भाटिया, मुकुंद दिवटे, मदनलाल वर्मा जामगोद, देवेन्द्र पंडित, रफीकउद्दीन शेख, व्ही.के.दुबे, गुलाम रब्बानी, विष्णु मंडलोई, मधुकर भंवर, हीरालाल यादव, दिलीप गोयल, कैलाश शर्मा, सीताराम विश्वकर्मा, अशोक शुक्ला, संजय वैष्णव, मानसिंह ऐरवाल, बाबूलाल पटेल, संतोष कारपेंटर, रघुनाथ बिंजवा, सहित जिले भर से सैकड़ों पेंशनर्स उपस्थित हुए। संचालन सुबोध गंगराडे ने किया तथा आभार सचिव सी.एस.पंवार ने माना।

## लिफ्ट देकर अगवा करने का प्रयास



**सोनकच्छ।** भोपाल देवास हाईवे पर स्थित ग्राम पिलवानी निवासी एक युवक को अगवा करने का प्रयास विफल रहा है। युवक ने अपहरण कर ले जा रहे दो अज्ञात युवक जो कि बाइक पर थे के मंसूबे को नाकाम करते हुए गाडी से छलांग लगाकर स्वयं को बचा लिया। ग्राम पिलवानी निवासी राज पिता जितेंद्र चौहान (17) जो कि घर से घट्टिया भाना फाटा स्थित एक कटिंग के दुकान पर बाल कटवाने के लिए घर से निकला था वह पिलवानी से पैदल चल रहा था तभी एक बाइक सवार से लिफ्ट मांगी तो अज्ञात दो बाइक सवार ने उसे लिफ्ट दी उस दौरान उसे कुछ शंका हुई तो उसने बाइक पर पीछे बैठे व्यक्ति को चिमटी खोड़ी जिससे कुछ समय के लिए वह असहज हो गया। युवक ने बाइक से कुदकर अज्ञात लोगों के चंगुल से छुटकर जान बचा ली। टीआई अजय गुर्जर ने बताया कि, मामला संज्ञान में आया है। जैसा कि युवक ने बताया कि उसने लिफ्ट मांगी थी। कुछ शंका होने पर युवक बाइक से कुद गया था। सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से जांच कर रहे है।

## शिवपुर मातमोर जैन तीर्थ के समीप बस्ती निर्माण पर जैन समाज में गहरा आक्रोश

**जैन समाज ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी**

**देवास।** देवास जिले के भारत भर में विख्यात चापड़ा के समीप शिवपुर मातमोर जैन तीर्थ असामाजिक एवं हिंसक गतिविधियों से घिरता हुआ दृष्टिगत हो रहा है। इसको लेकर संपूर्ण जैन समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है। अहिंसक समाज के लिए तीर्थ स्थल के समीप इस प्रकार की गतिविधियां असहनीय है। प्रशासन द्वारा मातमोर से विस्थापित कई परिवारों की शिवपुर जैन तीर्थ के समीप बस्ती बनाकर घर बनाने का आदेश जारी किया गया है। इस हेतु प्रशासनिक कार्यवाही भी प्रारंभ हो चुकी है।

पूज्य आचार्य श्री वीररत्न विजयजी म.सा. एवं जैन समाज के अथक प्रयासों से आज यह तीर्थ भारत भर में साधना, आराधना एवं तप स्थली के रूप में विख्यात हो चुका है। वर्ष भर में हजारों भक्त यहां पर साधना, आराधना एवं तीर्थ यात्रा करने आते है। यहां पर भारत एक मात्र संपूर्ण निर्मित अद्भुत शिल्पकला वाला रथाकार मंदिर है। तीर्थ अधिष्ठायक देव श्री माणिभद्रवीर यहां पर स्वयंभू प्रकटित होकर स्थापित है तथा भक्तों की मनोकामना पूर्ण कर रहे है। इस प्रकार के धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण के समीप बस्ती बनाया जाना सर्वथा अनुचित है। जबकि आसपास के क्षेत्र में कई स्थान बस्ती बनाने के लिए उपयोग में लिए जा सकते है। इस बस्ती के निर्माण से आने वाले भक्तों की आराधना, साधना में व्यवधान पैदा होगा तथा तीर्थ की पवित्रता भी भंग होगी।

उक्त बस्ती को अन्यत्र स्थापित करने की मांग को लेकर जैन समाज ने शासन एवं प्रशासन को पत्र एवं ज्ञापन के माध्यम से अवगत भी कराया है। इसके बावजूद कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। इस स्थिति में जैन समाज में तीव्र आक्रोश एवं असंतोष फैला हुआ है। समाज ने चेतावनी दी है कि उक्त बस्ती को अन्यत्र स्थापित नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

**एक नजर** सीसीटीवी फुटेज से मिला सुराग

## भगवान के जेवर और दानपेटी से नकदी चुराने वाला पकड़ाया



**देवास।** देवास जिले के भौरांसा थाना क्षेत्र के ग्राम बुधासा में स्थित श्री देवनारायण भगवान के मंदिर में हुई चोरी का पुलिस ने महज 16 घंटे में पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया पूरा सामान बरामद कर लिया है। आरोपी के पास से धातु के दो रानी हार और दान पेटी से चुराई गई नकदी समेत कुल 5,891 रुपये का मशरूका जब्त किया गया है। घटना 10 फरवरी 2026 को सामने आई थी, जब मंदिर से चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। अज्ञात चोरों ने रात के समय मंदिर में घुसकर धातु के दो रानी हार (कीमती करीब 4800 रुपये) चुरा लिए थे। इसके अलावा, दान पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी भी पार कर दी थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी पुनीत गहलोत के निर्देश पर टीआई अनिता सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, जिसमें आरोपी चोरी की घटना को अंजाम देकर भागता हुआ कैद हो गया।

### गांव का ही निकला आरोपी

तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम बुधासा निवासी भैरू सिंह पिता चंदर उर्फ रामचंद्र मालवीय को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए दोनों रानी हार और 1091 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

## गार्डन एसोसिएशन की पुष्प प्रदर्शनी 14 एवं 15 को



**देवास।** गार्डन एसोसिएशन देवास की पुष्प प्रदर्शनी लगने वाली है पुष्प प्रेमीजन उसकी बाट जोहते रहते है। बात सही भी है अपने अपने बगीचों में फूलों के पौधों को लगाना, उन्हें बढा करना कोई आसान काम नहीं है। हर वर्ष फरवरी के दूसरे सप्ताह में बगीचों लगे फूलवाले पौधों में प्रदर्शनी में रखने लायक फूल आए यह तो और भी मुश्किल काम है। पौधे उगाना एक कला है, कला के साथ विज्ञान और टेक्नोलॉजी भी है। परंतु करने वाले यह मुश्किल काम साल दर साल करते आ रहे है, जो उनकी लगन, मेहनत का ही परिणाम है। इस वर्ष भी प्रदर्शनी में गुलाब, डेहलिया, सेवंती, तरह तरह के मौसमी फूल, केक्टस, क्रोटन, विभिन्न किस्मों के हाउस प्लांट, अलग अलग आकार देकर बनाए हुए पौधे, बोंसाई किए हुए पौधे और विशेष रूप से अमिताभ तिवारी के बोंसाई पौधों के मिनिएचर गार्डन जो हमें देवास में सहज ही देखने को मिल जाते है। इन मिनएचर गार्डर्न्स को अभी सोशल मीडिया पर देशभर में लोग बड़ी संख्या में देख रहे हैं, प्रशंसा कर रहे है। यह सभी मिनिएचर गार्डन इस वर्ष की प्रदर्शनी में रहेंगे। गार्डन्स एसोसिएशन अपनी दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन मल्हार स्मृति मंदिर में करने जा रहा है शनिवार 14 फरवरी को पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन जिलाधीश ऋतुराजसिंह (आएएएस) द्वारा होगा। रविवार 15 फरवरी को नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार (आएएस) पुरस्कार वितरण करेंगे। मल्हार स्मृति मंदिर में लगने वाली यह प्रदर्शनी देवास के पुष्प प्रेमियों के लिए दोनों दिन शाम 5 से रात्रि 9 बजे तक खुली रहेगी। गार्डन्स एसोसिएशन ने अनुरोध किया है कि देवास के पुष्प प्रेमी पुष्प प्रदर्शनी का आनंद लें।